हिन्दुस्तान 29 AUG 2010

प्रधानमंत्री ने मोदी और शिवराज को सराहा

गुजरात ने दंगा नियंत्रण और मप्र ने मदरसा आधुनिकीकरण पर किया प्रशंसनीय कार्य

जिया हक

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्य प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा की है। भाजपा शासित दो राज्यों-गुजरात और मध्य प्रदेश-ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए दो महत्वपूर्ण उपायों को करीने से लागू करके कई लोगों को चौंका दिया है। ये उपाय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने सुझाए थे और अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय इनकी निगरानी कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने अल्पसंख्यकों के 15-सूत्री राष्ट्रीय योजना बनाई थी। उन्हीं की अध्यक्षता में इस योजना की कैबिनेट समीक्षा के दौरान पाया गया कि नौ दूसरे राज्यों समेत गुजरात ने सांप्रदायिक दंगों को रोकने के लिए 'मानक परिचालन प्रक्रिया' लागू की है। दूसरे राज्यों के पास दंगा नियंत्रण के लिए कोई नियम नहीं है। मध्य प्रदेश ने मदरसा शिक्षा के आधुनिकीकरण की केंद्रीय पहल पर अच्छा काम किया है। यह राज्य मदरसों में स्तरीय शिक्षा मुहैया कराने की योजना के अंतर्गत इन संस्थाओं को आधुनिक बना रहा है। मध्य प्रदेश ने केंद्र के पैसे से मदरसा शिक्षकों का वेतन बढ़ाया, विज्ञान और कंप्यूटर के लिए अनुदान दिया तथा उर्दू शिक्षकों की भर्ती की।